दिनांकः 14.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 79वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर देषभर में उल्लास–पूर्व संध्या पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- स्वाधीनता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर में आयोजित होगा–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ध्वजारोहण करेंगे।
- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज प्रदेषभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- राज्य सरकार ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में इस साल भी छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया।

000

राष्ट्र कल अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाएगा। राष्ट्रीय समारोह दिल्ली के लाल किले पर आयोजित किया जाएगा, जिसकी प्राचीर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और देशवासियों को संबोधित करेंगे। इस साल के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय "नया भारत" है। यह समारोह एक समृद्ध, सुरक्षित और साहसिक "नया भारत" के निरंतर उत्थान का स्मरण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न भी मनाया जाएगा। लाल किले पर समारोह देखने के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के लगभग पाँच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाने के लिए, कल शाम को पूरे भारत में 140 स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियाँ रखी गई हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। ये संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और फिर अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित किया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी आज प्रदेशवासियों को आजादी की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर संबोधित करेंगे।

000

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह इस बार जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बरकतुल्ला स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। वे जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री आज जोधपुर पहुंचेंगे। उनका वहां विभिन्न आयोजनों में भाग लेने का कार्यक्रम है।

..............

राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 11 प्रशासनिक अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले आज एट होम कार्यक्रम में 14 पुलिस कार्मिकों को उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें अतिरिक्त महानिदेशक वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए 4 व्यक्तियों और 1 ग्राम पंचायत को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। आजादी की वर्षगांठ प्रदेश के अन्य जिलों में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री, जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त ध्वजारोहण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। विभिन्न संगठनों, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं में भी आजादी का जश्न उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

000

देश आज विभाजन की त्रासदी को याद करते हुए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। 1947 में आज के दिन भारत के विभाजन के दौरान हुई लोगों की पीड़ा और असहनीय कष्टों को याद किया जाता है। देश के बंटवारे के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 2021 में केन्द्र सरकार ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया था।

इस अवसर पर जिलों में संगोष्ठियां और चित्र प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री आज बीकानेर शहर में विभाजन विभीषिका से जुड़े कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वे कोडेवाला बॉर्डर आउट पोस्ट पर बीएसएफ जवानों से संवाद भी करेंगे।

जयपुर में हाल ही में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा था कि ये दिन राष्ट्र की एकता और अखंडता के संकल्प को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पाकिस्तान से विस्थापित हिंदुओं को नागरिकता देने का काम किया है।

................

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जयपुर, जोधपुर और अजमेर रेलवे स्टेशनों पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदेश भाजपा की ओर से भी जिलों कार्यक्रम रखे गये हैं। अजमेर में राजकीय संग्रहालय में रखे गये कार्यक्रम का विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान संग्रहालय में आगन्तुकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

000

प्रदेश में आजादी की वर्षगांठ से पूर्व निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं में लोगों का जोश देखते ही बन रहा है। कल शाम और आज सुबह भी कई स्थानों पर निकाली गई यात्राओं में बड़ी संख्या में आमजन, पूर्व सैनिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सिरोही में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली में जिला प्रमुख और जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधिकारियों ने भी शिरकत की। जालौर में हम एक साथ हैं कि भावना के साथ निकाली गई रैली में ग्रामीण जन अपने ट्रेक्टरों के साथ शामिल हुए। सलूंबर के पास जयसमंद झील में लोगों ने नावों में तिरंगे लगाकर नौका यात्रा निकाली। करौली में आज तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सभी विभागों द्वारा आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।

000

प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इस साल भी छात्रसंघ चुनाव नहीं होंगे। राज्य सरकार ने इस संबंध में हाईकोर्ट में जवाब पेश करते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को देखते हुए छात्रसंघ चुनाव आयोजित करना संभव नहीं है। सरकार की ओर से प्रस्तुत जवाब पर आज हाईकोर्ट की एकलपीठ सुनवाई करेगी।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र के सुचारू संचालन के लिए उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पिछले दिनों बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें कॉलेज शिक्षा आयुक्त और विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने की राय दी थी।

000

पाली जिले के सुमेरपुर में वन विभाग की नई हाईटेक नर्सरी बनाई जाएगी। सिंदरू गांव में बनने वाली इस नर्सरी में विभिन्न किस्म के पौधों को तैयार करने के साथ ही अत्याधिक तापमान नियंत्रण और वैज्ञानिक तकनीक से संबंधित उपकरण लगाए जाएंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.............

000